तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

2



हल्की बारिश और उमस से मौत बन कर जमीन पर रेंग रहे जहरीले सांप

## खबर संक्षेप

### जीपीएम की सह प्रभारी बनीं रेनू



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छग ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं पूर्व जिला मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा कोरिया श्रीमती रेनू सिंह को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले का सह-प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से महिला मोर्चा द्वारा की गई है। श्रीमती सिंह की नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन ने उनके लंबे अनुभव, सक्रिय भूमिका और समर्पित कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नई जिम्मेदारी मिलने पर श्रीमती रेनू सिंह ने भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने एक सामान्य महिला कार्यकर्ता पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति-नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभी अवस्थी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दिया गया यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन



**बिजुरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन 30 जून को नगर परिषद डोला के वार्ड क्रमांक 7 स्थित अमृत तालाब में विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों ने सामूहिक श्रमदान कर तालाब की व्यापक सफाई की तथा जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, पुर्नजीवन, स्वच्छता तथा जनसहभागिता के माध्यम से लोगों में जल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी उद्देश्य से नगर परिषद डोला द्वारा अभियान अवधि के दौरान विभिन्न जनजागरूकता एवं संरक्षण संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### दिव्यांग हितग्राही को मिला श्रवण यंत्र

**मनेन्द्रगढ़।** सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और जनकल्याण के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता एक बार फिर देखने को मिली, जब जनदर्शन में प्राप्त एक दिव्यांग हितग्राही की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। समाज कल्याण विभाग की तत्पर पहल से हितग्राही को तुरंत राहत मिली और शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित हुआ। कार्यालय कलेक्टर में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान ग्राम सोनहरी की निवासी श्रीमती शकुंतला यादव, पिता तुलसी प्रसाद यादव ने श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए समाज कल्याण विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशों पर अमल करते हुए समाज कल्याण विभाग की सहायक संचालक श्रीमती अंजना रोस बेक ने प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर हितग्राही को तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध करा दिया।

जगह-जगह जलभराव, घरों में घूसा पानी

# दो घंटे की झमाझम बारिश से जलमग्न हुई सड़कें





कुमार चौक के पास भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में बीते कुछ दिनों से मानसून के सुस्ती देखने को मिल रही थी, इसके कारण खेती किसानी कार्य पिछड़ रहा था ,इसे लेकर किसानों की चिंता बढ़ने लगी थी, लेकिन जैसे ही आषाढ़ की शुरूआत मंगलवार से हुई तो इस दिन घंटों तक झमाझम बारिश ने पूरे क्षेत्रों को भिंगों दिया, इसके दूसरे दिन बुधवार को शाम 5 बजे से कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई।

इस दिन भी गरज चमक के साथ दो घंट से अधिक समय तक बारिश का क्रम चलता रहा। इससे शहर की सड़कें जलमग्न हो गरइं, जगहों पर जलभराव के साथ घरों में पानी का बारिश घूस गया। आषाढ़ के पहले दिन हुए घंटों की झमाझम बारिश के ⏭ शेष पेज 4 पर

### चुनिंदा किसान रोपा लगाने जुटे

मंगलवार को आषाढ़ के पहले दिन हुई झमाझम बारिश के दूसरे दिन बुधवार को जिले के कुछ किसानों द्वारा अपने खेतों में धान रोपने का कार्य भी शुरू कर दिया। हालांकि अभी चुनिंदा किसानों द्वारा ही आषाढ़ के पहली झमाझम बारिश के बाद धान रोपाई का कार्य शुरू किए। ऐसे किसानों के द्वारा सिंचित क्षेत्र में पहले ही धान का पौधा तैयार करने के लिए बीज बो दिए थे, जिनका पौधा रोपाई के लिए तैयार हो गया था। इसी वजह से पहली झमाझम बारिश के साथ ही ऐसे किसान धान का रोपा लगाना शुरू कर दिए।



### बीते 24 घंटे में जिले में 12 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 12 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 2 मिली, कोतमा में 5 मिली, बिजुरी में 6.2 मिली, जैतहरी में 60.3 मिली मीटर, वेंकटनगर में 12.4 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 6.8 मिली मीटर, अमरकंटक में 1.2 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 2.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### मानसून के सुस्ती का बड़ा असर बुआई पर

इस वर्ष मानसून के सुस्ती का बड़ा असर खेती किसानी कार्य पर देखने को मिल रहा है। इस बार खरीफ फसल की बोआई पिछले साल की इस अवधि के मुकाबले घट गई है। अब तक मिट्टी में पर्याप्त नमी की कमी की वजह से धान, दाल जैसी फसल की बुआई में बीते वर्ष के मुकाबले इस अवधि तक बुआई में भारी गिरावट आई। मौसम विभाग को उम्मीद है कि आने वाले दिनो में बंगाल की खाड़ी के उपर कम दबाव का क्षेत्र बनने से मानसून की स्थिति में सुधार हो सकता है और मानसून की थोड़ी रफ्तार पकड़ सकता है।

# आखिर कब पटरी पर आएगी मनेन्द्रगढ़ की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

### आए दिन राहगीर होते हैं परेशान



जिला मुख्यालय बनने के बाद शहरवासियों को उम्मीद थी कि यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, सड़कों पर अतिक्रमण हटेगा और लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, लेकिन हालात इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रहे हैं।

शहर का प्रमुख मार्ग भगत सिंह तिराहे से लेकर साई मंदिर चौक तक अब दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन चुका है। दिनभर लगने वाले जाम, सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग, अतिक्रमण और बेतरतीब यातायात व्यवस्था के कारण हर दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सबसे चिंताजनक स्थिति जैन मंदिर चौक की है, जहां सड़क पर ही दुकानें सजने लगी हैं। फुटपाथ तो पहले ही गायब हो चुके हैं, अब सड़क का बड़ा हिस्सा भी अस्थायी दुकानों और ठेलों के कब्जे में रहता है। इसका सीधा असर यातायात पर पड़ रहा है। दुपहिया वाहन तो किसी तरह निकल जाते हैं, लेकिन चारपहिया वाहनों के आमने-सामने आने पर लंबा जाम लग जाता है। स्कूल बसें, एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहन भी इस अव्यवस्था का शिकार बनते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के व्यस्त बाजार क्षेत्र में कई बार दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग केवल मूकदर्शक बना हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा, जबकि समय रहते प्रभावी कदम उठाकर ऐसी स्थिति को आसानी से रोका जा सकता है। यातायात व्यवस्था को सुधारने की जिम्मेदारी केवल पुलिस की नहीं, बल्कि नगर पालिका और जिला प्रशासन की भी है। अतिक्रमण हटाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वहीं स्थिति बन जाती है। यदि स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो शहर की बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के बीच यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। शहर के व्यापारियों और नागरिकों का भी इस व्यवस्था को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान हो ⏭ शेष पेज 4 पर

# आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का संकल्प है पौधरोपण : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से 18 वीं विशेष भारत रक्षित वाहिनी छग सशस्त्र बल मनेन्द्रगढ़ परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में समाजसेवी नरोत्तम शर्मा ने प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटता वन क्षेत्र पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए। अपने संबोधन में नरोत्तम शर्मा ने कहा कि एक पौधा केवल हरियाली का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जीवन, शुद्ध वायु, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का आधार है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधे को लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करने का संकल्प ले, तो आने वाले वर्षों में पर्यावरण की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः संभव हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें निस्वार्थ भाव से ऑक्सीजन, फल, छाया और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं, इसलिए उनका संरक्षण करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि जब समाज के सभी वर्ग पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहित के कार्यों से जुड़ते हैं, तभी ऐसे अभियान व्यापक जनआंदोलन का रूप लेते हैं। उन्होंने विशेष रूप से तेजस्विनी महिला मंडल, मारवाड़ी युवा मंच एवं ग्रीन वेली फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों की भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता लगातार बढ़ रही है। श्री शर्मा ने कहा कि पौधे लगाना जितना आवश्यक है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उनका नियमित संरक्षण और संवर्धन है।

# अवैध कारोबार पर नहीं लग रहा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा, लेकिन हकीकत इसके उलट दिखाई दे रही है। शहर के कई इलाकों में अवैध शराब और मादक पदार्थों का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है, जबकि आबकारी विभाग की कार्यशैली सवालों के घेरे में है।

स्थिति यह है कि विभागीय अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय आम लोगों से ही सूचना देने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आते हैं। शहर के मौहारपारा, पुरानी बस्ती और आमाखेरवा जैसे क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री होने की शिकायतें सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन इलाकों में शाम होते ही अवैध शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। इसके बावजूद आबकारी विभाग की ओर से न तो नियमित छापेमारी दिखाई देती है और न ही कोई ठोस कार्रवाई। इतना ही नहीं शहर में अवैध शराब के साथ-साथ गांजे की बिक्री भी तेजी से बढ़ने की चर्चाएं हैं। कई स्थानों पर नशे के आदी युवकों का जमावड़ा लगने से आम नागरिक, विशेषकर महिलाएं और बुजुर्ग, असहज महसूस करते हैं। जेल बिल्डिंग के सामने स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में शाम ढलते ही नशेड़ियों की भीड़ लगने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां खुलेआम नशा किया जाता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की नजर शायद इस ओर नहीं पड़ती। सबसे बड़ा सवाल आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहा है। विभागीय अधिकारियों का अक्सर यही जवाब रहता है कि हमें सूचना दीजिए, तब कार्रवाई करेंग, जबकि सवाल यह है कि अवैध शराब की रोकथाम और निगरानी की जिम्मेदारी स्वयं आबकारी विभाग की है। यदि हर कार्रवाई जनता की सूचना पर ही निर्भर होगी, तो विभाग के नियमित निरीक्षण, गश्त और खुफिया तंत्र का औचित्य क्या रह जाता है। लोगों का कहना है कि यदि आबकारी विभाग ईमानदारी से नियमित अभियान चलाए, संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखे और शिकायतों को गंभीरता से ले, तो अवैध कारोबार पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है, लेकिन मौजूदा हालात यह संकेत देते हैं कि विभाग की सक्रियता केवल कागजों तक सीमित नजर आती है। अवैध शराब और मादक पदार्थों का बढ़ता कारोबार केवल कानून-व्यवस्था का ही नहीं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आ रही है, वहीं मोहल्लों का माहौल भी लगातार खराब हो रहा है।

## अप्रैल का नहीं मिला राशन, ग्रामीण परेशान

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत सोनवर्षा में संचालित स्व सहायता समूह का राशन एक माह का नहीं प्रदान होने की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में कर तत्काल बकाया राशन उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान ग्राम पंचायत सोनवर्षा सरपंच श्रीमती श्यामवती के साथ ग्रामीण मानकुंवर, राधा, सुमित्रा, रजमन बाई, सुमित्रा, इंदिरा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




कलेक्टर जनदर्शन में दिए शिकायत में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत सोनवर्षा के दुर्गा महिला स्व सहायता समूह के राशन दुकान को माह अप्रैल 2026 का राशन प्रदान नहीं किया गया है, इसके चलते 111 परिवारों को उक्त माह का खाद्यान्न वितरण नहीं किया, इसे लेकर हितग्राहियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर ग्राम सभा में खाद्यान्न के लिए हितग्राहियों ने मांग रखी है। मांग करने पर गाली गलौज करते है, इससे आम जन क्षुब्ध होकर ग्राम सभा मे अपनी मांग रखे कि उक्त माह का खाद्यान्न दिलाया जाए, जिसे सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया। शिकायत में मांग की गई कि इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करें।

## नौगई तिहरे हत्याकांड, क्षत्रीय समाज ने सौंपा ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के नौगई में हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर क्षत्रीय समाज कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, गृहमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक छग शासन के नाम ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन के माध्यम से समाज ने मांग की कि इस जघन्य घटना में शामिल सभी आरोपियों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर उन्हें कठोरतम दंड दिलाया जाए। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, घायलों के बेहतर उपचार तथा मृतकों के आश्रित बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था किए जाने की मांग भी रखी गई। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की पारदर्शी तरीके से जांच होनी चाहिए। यदि जांच के दौरान किसी अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उनके विरूद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन का कानून व्यवस्था पर विश्वास कायम रहे। क्षत्रीय समाज ने कहा कि नवगई की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। दोषियों को शीघ्र सजा मिलने से पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा और समाज में कानून के प्रति विश्वास मजबूत होगा।

125 दिन काम देगी वीबीजीरामजी

# विकसित भारत जीरामजी योजना में दैनिक मजदूरी 300 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विकसित भारत जीरामजी में अकुशल श्रमिकों को एक कार्य दिवस के बदले अब 300 रूपए की मजदूरी प्राप्त होगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से बीते दिवस विकसित भारत जीरामजी योजना के लिए राज्यों में अकुशल श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी राशि का नया नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन अधिनियम 2025 के तहत गत दिवस जारी नोटिफिकेशन में अकुशल श्रमिकों के दैनिक श्रम का मूल्य वर्धन करते हुए अब छग राज्य में श्रमिकों को प्रति कार्यदिवस के आधार पर एक दिन में 300 रूपए का पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशन में वीबीजीरामजी 2025 का यह अधिनियम आज से पूरे देश में लागू हो रहा है। मनरेगा से उन्नत होकर पूरे देश में अकुशल श्रम से संसाधनों के निर्माण के लिए लागू की गई। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत जॉब कार्डधारी प्रत्येक श्रमिक परिवार को वित्तीय वर्ष में कुल 125 दिवस के रोजगार की गारंटी दी जाएगी। विदित हो कि पहले मनरेगा के अंतर्गत एक परिवार को मात्र 100 दिवस रोजगार की गारंटी मिलती थी। लागू हुई



पारिश्रमिक दर दोनों जनपद पंचायतों में आज से वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत प्रारंभ हुए सभी कार्यों में तथा आगामी समय में आरंभ होने वाले कार्यों में नियोजित प्रत्येक श्रमिक को अब वीबीजीरामजी योजना की निर्धारित मजदूरी 300 रूपए प्रत्येक कार्यदिवस के आधार पर प्राप्त होगी। यह दर इस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों और योजना क्रियान्वयन करने वाले प्रत्येक एजेंसी के कार्य पर भी लागू होगी। इन पर रहेगा फोकस पूरे देश में आज से लागू हुई वीबी जीरामजी योजना में मुख्य तौर पर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य लिए जा रहे हैं। जिनमें ग्राम पंचायतों में तालाब गहरीकरण, जल संरक्षण के लिए सोक पिट, चेक डैम निर्माण जैसे कार्य हो रहे हैं। साथ ही विकसित ग्राम पंचायत बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में योजना के अंतर्गत अब आधारभूत संरचना विकास सड़क, पुलिया, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन निर्माण कार्य भी होंगे। आजीविका के लिए नई दिशा आज से आरंभ हुई विकसित भारत जीरामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण पंजीकृत श्रमिक परिवारों को स्थायी आजीविका से समृद्ध करने की विशेष कार्ययोजना होगी। ग्राम पंचायतों में वीबीजीरामजी के तहत आजीविका संवर्धन करने के लिए विशेष तौर पर कृषि आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इनमें पशुपालन, मत्स्य पालन, स्व-सहायता समूह को बढ़ावा देने तथा प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन बाढ़-सूखा से बचाव के लिए संरचनाएं भी बनाई जाएंगी।

जल संचय के कार्य आरंभ जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार वीबीजीरामजी का क्रियान्वयन आरंभ कर दिया गया हैं। समस्त ग्राम पंचायतों में कार्य उपलब्ध कराए गए हैं। कुछ ग्राम पंचायतों में रोजगार की मांग के अनुसार कार्य भी आरंभ कराए गए हैं। सभी कार्यस्थलों पर आनलाइन हाजिरी आरंभ कर दी गई है और वर्तमान में हो रहे सभी कार्य जलसंरक्षण और भूजल संवर्धन की कैटेगरी में शामिल हैं।

### जनसमस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले के राजनगर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर समाजसेवियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपक्षेत्रीय प्रबंधक, राजनगर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से कॉलोनियों के आवासों के पीछे स्थित नालियों की नियमित एवं समुचित साफ-सफाई कराए जाने की मांग की गई, ताकि जल भराव, गंदगी एवं मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही कॉलोनियों में स्थापित विद्युत पोल एवं स्ट्रीट लाइटों के आसपास उगी झाड़ियों और पेड़-पौधों की तत्काल छंटाई कराने की मांग रखी गई, जिससे प्रकाश व्यवस्था सुचारु रहे और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।

## खबर संक्षेप

### ज्ञान यज्ञ परिवार की हुई मासिक बैठक, अयोध्या प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**रामानुजगंज।** धर्मशाला सभागार में आयोजित ज्ञान यज्ञ परिवार की मासिक बैठक में आगामी 25-26 जुलाई को अयोध्या धाम में होने वाले प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में यात्रा व्यवस्था, कार्यकर्ताओं की सहभागिता और संगठन विस्तार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए अधिवेशन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। नगर स्थित स्थानीय धर्मशाला सभागार में ज्ञान यज्ञ परिवार की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में 25 एवं 26 जुलाई को अयोध्या धाम में प्रस्तावित ज्ञान केंद्र प्रांतीय अधिवेशन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा विभिन्न संगठनात्मक निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि नगर से 24 जुलाई की रात्रि एक विशेष बस अयोध्या के लिए रवाना होगी। बस की कुल 52 सीटों में से 17 सीटें नगर क्षेत्र के सदस्यों तथा 35 सीटें ग्रामीण क्षेत्रों के ज्ञान केंद्र प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए आरक्षित रहेंगी। सभी ज्ञान केंद्रों से समय पर सहभागिता सुनिश्चित करने कहा है। बैठक में मां संस्थान के मार्गदर्शक बजरंग मुनि ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि समाज की स्वशासी शक्तियों की पुनर्स्थापना और समाज को पुनः सशक्त बनाने के उद्देश्य से मां संस्थान एवं ज्ञान केंद्रों के माध्यम से जो कार्य किया जा रहा है, वह वर्तमान समय में विशिष्ट और समाजोपयोगी है। उन्होंने कहा कि समाज को सशक्त बनाने का कार्य तात्कालिक परिणाम देने वाला नहीं होता। यह एक सतत और दीर्घकालिक प्रक्रिया है। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अयोध्या प्रांतीय अधिवेशन को लोकव्यवस्था जागरण अभियान की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। अधिवेशन में पूर्वी एवं मध्य उत्तर प्रदेश के 35 जिलों के ज्ञान केंद्र संचालक, सहयोगी तथा देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### विकसित भारत जी राम जी योजना पर हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**राजपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार तथा जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में विकसित भारत जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण में विकासखंड के सभी तकनीकी सहायक, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज की टीम, पंचायत सचिव, सरपंच एवं रोजगार सहायकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित विकास योजना तैयार करने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी दक्षता प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी एमएस सिदार ने प्रतिभागियों को योजना के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की योजना जीआईएस आधारित प्लानिंग के माध्यम से तैयार की जाएगी। इससे स्थानीय आवश्यकताओं का सही आकलन कर प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों का चयन किया जा सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पीआरए के विभिन्न चरणों, जीआईएस आधारित ग्राम विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, विकास कार्यों के चयन, अभिलेख संधारण, विभागीय समन्वय तथा समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से योजना के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई।

### रंजिश को लेकर युवतियों ने की युवती की बेदम पिटाई, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** भैयाथान अंतर्गत ग्राम खाडापारा स्थित पेट्रोल पंप में मेनेजर के पद पर पदस्थ प्रीति ठाकुर आ. हरिहर ठाकुर (25 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमवार की सुबह चाय पीकर पेट्रोल पंप के स्टाफ के साथ आ रही थी तभी किराना दुकान के समीप स्वाति जो पहले पेट्रोल पंप में काम करती थी वह अपनी सहेली जानकी,मनिता,महिमा के साथ आई और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करना शुरू कर दी। जब प्रीति ने मना किया तो सभी ने मिलकर उसकी बेदम पिटाई कर दी। पीड़िता के रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवतियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### इलेक्ट्रिशियन विजय सिंह समेत 18 कोल कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** नगर प्रशासन के फिल्टर प्लांट सिविल विभाग के अंतर्गत कार्यरत इलेक्ट्रिशियन विजय कुमार के आज मंगलवार को सेवानिवृत्ति के अवसर पर सहकर्मियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।इस दौरान उनके पुत्र,पुत्री भी उपस्थित थे। विदाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फोरमैन अरविंद सिंह ने कहा कि विजय सिंह का 35 वर्षों का कार्यकाल बेदाग रहा,वे कार्य को लगन एवं निष्ठा से करते रहे, इस दौरान सरोज सिन्हा एवं परमजीत सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सेवानिवृत कर्मचारी विजय सिंह ने भी अपने सेवाकाल का अनुभव उपस्थित सहकर्मियों के बीच साझा किया,कार्यक्रम का संचालन फोरमैन महेश गुप्ता ने किया,इस अवसर पर सूर्यबली,रामदुलार, प्रविंद्र शर्मा, हरिद्वार, निखिल रंजन, अजय साहू,महेश राम, सुल्तान अहमद, संजय सिंह, होमदास, पारस राजवाड़े, उपेंद्र सिंह, विजय कुमार, रामजी यादव, पुरनचंद, संतोष जायसवाल, अशोक जायसवाल आदि सहकर्मी उपस्थित थे।

## सर्पदंश से पिता-पुत्री तो ममेरी बहन के साथ सो रही छात्रा की गई जान

# हल्की बारिश और उमस से मौत बन कर जमीन पर रेंग रहे जहरीले सांप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/शंकरगढ़

ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग अंधविश्वास की जंजीर से जकड़े हुए है। ग्रामीणों को चिकित्सा उपचार के बजाय गांव के वैद्य-बैगा पर ज्यादा विश्वास है। जिस कारण सर्प दंश, कुत्ता के काटने सहित गंभीर बीमारी पीड़ित होने के बावजूद मरीज को अस्पताल ले जाने के बजाय घर में ही झाड़ फूंक से इलाज कराना मुनासिब समझते है जिससे समय पर उपचार नहीं मिलने से पीड़ितों को अपनी जान गवानी पड़ती है। बीती रात भी सर्पदंश से पीड़ित पिता-पुत्री को परिजन अस्पताल ले जाने के बजाय चार घंटे तक झाड़ फूंक कराए जिससे समय रहते उपचार नहीं हो सकने पिता-पुत्री की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में जमीन पर सो रही छात्रा की मौत हो गई। संभाग में हल्की बारिश होने तथा उमस के बढ़ जाने से अब बिल से निकल जहरीले सांप मौत बनकर जमीन पर रेंगने लगे। सर्पदंश की घटनाओं में ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही एक माह के भीतर ही आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जितने भी सर्पदंश से पीड़ित दाखिल हुए थे सभी ग्रामीण क्षेत्र के ही थे। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी है।

**खास बातें**

- ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ी सर्पदंश की घटनाएं
- झाड़ फूंक कराने के बाद लेकर आते हैं अस्पताल

मानसून के दस्तक देते ही संभाग में सर्पदंश की घटनाओं में काफी वृद्धि हुई। हालांकि अप्रैल माह से सर्पदंश पीड़ित आने लगे थे परंतु जून माह में हल्की बारिश तथा उमस के बढ़ जाने से सर्पदंश पीड़ितों की संख्या काफी बढ़ गई। सर्पदंश के मामले में मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित पुलिस सहायता केंद्र के आंकड़ों पर गौर करे तो अप्रैल में सर्पदंश से मौत होने की एक दो घटनाएं आई थी। परंतु जून माह में कहीं कहीं बारिश होने तथा उमस बढ़ जाने से सर्पदंश से मौत होने के आंकड़ों में काफी वृद्धि हुई। एक माह के भीतर ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आधा दर्जन से अधिक लोगों की सिर्फ सर्पदंश से मौत होने पर मर्ग कायम किया गया है। जबकि जिले के निजी अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी सर्पदंश से कई मौत हुई जिससे सर्पदंश से मौत होने के आकड़ा और भी बढ़ सकता है। बीत रात शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम डम्भाटोली अधारी निवासी शनिचरा पैकरा आ. स्व. सहला (34 वर्ष) सोमवार की रात भोजन कर पत्नी व दो बच्चों के साथ जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रहे थे। इसी बीच रात 12 बजे जहरीले सांप ने शनिचरा व उसकी चार वर्षीय पुत्री मंहती को डस लिया। सांप के डस लेने के की जानकारी लगने पर परिजन तड़के डायल 112 से शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मासूम महंती को मृत घोषित कर दिया जबकि शनिचरा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान सुबह शनिचरा की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। इधर एक ही परिवार के दो सदस्यों की एक साथ मौत हो जाने से गांव में शोक का माहौल है।



मृतक के परिजन।

### जागरूकता की कमी, चार घंटे तक कराते रहे झाड़ फूंक

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में समय समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा न सिर्फ ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करते है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के अलावा शिविर में ग्रामीण सर्पदंश का शिकार न हो इसके लिए बरसात के मौसम में जमीन पर नहीं सोने, मच्छरदानी लगाकर और खाट में सोने की सलाह देते है। साथ ही जहरीले सांप के काट लेने पर गांव के वैद्य या बैगा से झाड़ फूंक नहीं कराने तथा सीधे नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराने की सलाह दी जाती है। हैरानी की बात यह है कि बीती रात पिता-पुत्री को जब जहरीले सांप ने काटा तो परिजन अस्पताल ले जाने के बजाय तड़के 4 बजे तक गांव में ही झाड़ फूंक कराते रहे और जब दोनों की तबीयत ज्यादा खराब हो गई तब अस्पताल लेकर गए जिससे सर्पदंश पीड़ित पिता-पुत्री की समय पर उपचार नहीं मिलने से मौत गई।

### चटाई पर पर सो रही छात्रा को सांप ने काटा, मौत

ममेरी बहन के साथ चटाई बिछा कर जमीन पर सो रही छात्रा को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन छात्रा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मैनपाट कमलेश्वरपुर अंतर्गत ग्राम परपटिया निवासी आसमनि एक्का आ. राजेन्द्र एक्का (13 वर्ष) लखनपुर क्षेत्र ग्राम सकरिया बेदोकोटा निवासी मामा रंजीत किण्डो के यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी। बीती रात जमीन पर चटाई बिछा कर ममेरी बहन के साथ सो रही थी। रात लगभग 9.30 बजे बालिका के सिर व हाथ में जहरीले सर्प ने डस लिया। बालिका के रोने पर पास ही बैठे मामा व मामी ने टार्च जलाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। बिस्तर के समीप करैत सांप नजर आया। परिजन सांप को पहले अधमरा कर डिब्बा में बंद किया फिर बालिका को तत्काल कुन्नी अस्पताल में अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने छात्रा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पर्याप्त एंटी स्नेक वेनम

जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त एंटी स्नेक वेनम है। ग्रामीण सर्पदंश पीड़ित का झाड़ फूंक कराने के बाद अस्पताल में भर्ती कराते है जिससे मरीज को मुश्किल हो जाता है। सर्पदंश पीड़ित को सीधे नजदीकी अस्पताल में लेकर जाए तो उसकी जान बच सकती है।

-डॉ. जेके रेलवानी
सिविल सर्जन जिला अस्पताल

## महिलाएं नियमित योगाभ्यास से दे रहीं स्वस्थ जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित कनहर नदी तट प्राचीन राम मंदिर इन दिनों आध्यात्मिकता, स्वास्थ्य का अनूठा केंद्र बन गया है। यहां पिछले कई महीनों से महिलाओं द्वारा नियमित रूप से योग कक्षा का संचालन किया जा रहा है, जो नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लिए प्रेरणा का विषय बना हुआ है।

- कन्हर तट स्थित प्राचीन राम मंदिर में महिलाओं ने जगाई स्वास्थ्य और जागरूकता की अलख

प्रातः कालीन बेला में जब कनहर नदी के किनारे सूर्य की पहली किरणें पड़ती हैं, उसी समय मंदिर परिसर में महिलाओं की उपस्थिति से एक सकारात्मक और ऊर्जावान वातावरण निर्मित हो जाता है। प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 7.15 बजे तक संचालित होने वाली इस योग कक्षा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां, पुरुष योग साधक शामिल होकर योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कर रहे हैं। इस योग कक्षा का संचालन आरती बाजपेई, सिम्मी गुप्ता एवं कुमारी प्रिंटी केसरी के नेतृत्व में किया जा रहा है। महिलाओं ने न केवल स्वयं योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाया है, बल्कि अन्य महिलाओं को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इनके अथक प्रयासों से योग कक्षा लगातार नियमित एवं समयबद्ध तरीके से संचालित हो रही है। योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान, अनुलोम - विलोम, कपालभाति, भ्रामरी तथा अन्य स्वास्थ्यवर्धक क्रियाओं का अभ्यास कराया जाता है। विशेष बात यह है कि यह पूरा अभियान महिलाओं के नेतृत्व में संचालित हो रहा है। कनहर नदी के शांत एवं प्राकृतिक वातावरण में स्थित प्राचीन राम मंदिर का परिसर योगाभ्यास के लिए अत्यंत अनुकूल माना जा रहा है। सुबह के समय शुद्ध वातावरण और आध्यात्मिक परिवेश साधकों को मानसिक शांति प्रदान करता है। मंदिर परिसर में नियमित रूप से होने वाली योग कक्षा के कारण लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।

### संस्कार अग्रवाल बनाए गए डीएलपी रायपुर संभाग सह प्रभारी

**सूरजपुर।** भाजपा ने एक बार फिर युवा नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए युवा मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता संस्कार अग्रवाल को डीएलपी अभियान के तहत रायपुर संभाग का संभागीय सह प्रभारी नियुक्त किया है। भाजपा द्वारा सरल ऐप डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के प्रभावी संचालन के लिए यह दायित्व सौंपा गया है। 23 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के विभिन्न मोर्चों के मंडल, शक्ति केंद्र तथा बूथ स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि संगठन की कार्यशैली, विचारधारा और कार्य पद्धति को जमीनी स्तर तक और अधिक सशक्त बनाया जा सके।वे रायपुर संभाग के विभिन्न जिलों के मंडलों, शक्तिकेंद्रो व बूथों का दौरा कर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समन्वय, संचालन और मार्गदर्शन का कार्य संभालेंगे।



## बेसलाइन सर्वेक्षण अभियान 31 तक, समिति गठित

**बलरामपुर।** राज्य शासन के सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने जिले में जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय समितियों का गठन किया है। अभियान के तहत जिले में 31 जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों का बेसलाइन सर्वेक्षण कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा। अभियान के तहत 1 जुलाई को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय समिति एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। 2 से 5 जुलाई तक जनपद स्तर पर सर्वेक्षण दलों का गठन एवं प्रशिक्षण होगा। 6 से 9 जुलाई तक मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सर्वेक्षण दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 10 से 31 जुलाई तक ग्राम पंचायत स्तर पर 31 योजनाओं के हितग्राहियों का बेसलाइन सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वेक्षण पूर्ण होने के बाद 1 से 10 अगस्त तक आंकड़ों की प्रविष्टि एवं गैप विश्लेषण किया जाएगा।

## हिन्दू समाज शिवाजी महाराज से प्रेरणा ले : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





हिन्दू स्वराज दिवस उत्सव का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस बौद्धिक कार्यक्रम में नवापारा गोधनपुर शाखा से जुड़े स्वयं सेवक व अन्य नागरिक उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु मंदिर के सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में सुभाष अग्रवाल मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता द्वारा शिवाजी महाराज के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हए मुख्य अतिथि टीपी शर्मा ने कहा कि शिवाजी महाराज ने हिन्दू समाज को सुरक्षित व संरक्षित करने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनका पूरा जीवन हिन्दू समाज के लिए समर्पित रहा। आज हिन्दू समाज को शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को मुख्य वक्ता सुभाष अगव्राल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में चारों बस्ती के बस्ती प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्रिकसिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नागेन्द्र तिवारी, पूर्व प्राचार्य सुधाकर सिंह, करताराम गुप्ता, विद्यानंद मिश्रा, संजय पाण्डेय, गुरूचरण सिंह, अजय जायसवाल, शिव गुप्ता, गुरूचरण सैनी ओम सिंह, अर्नव सिंह, एसएफ पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में सेवक व नागरिक उपस्थित थे।

## बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवकों के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवाओं के साथ कथित तौर पर कुछ कार सवार युवकों ने रास्ता रोककर मारपीट कर दी है,घटना में एक युवक के सिर में चोट आई है एवं कार के आगे का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत जयनगर थाने में दर्ज करा दी है। जयनगर पुलिस ने बताया कि इबादत कुजूर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 जून की शाम वह अपने दोस्तों कुनाल सिंह, दानिश अंसारी, सूर्यवीर सिंह, संतोषी प्रजापति और साक्षी बेक के साथ दोस्त कुनाल सिंह का जन्मदिन मनाने के लिए ग्राम मोरभंज स्थित ट्री हाउस कैफे गया था। शाम करीब 7.30 बजे जन्मदिन समारोह समाप्त होने के बाद सभी लोग टाटा नेक्सॉन कार क्रमांक सीजी 30 जी 8696 से वापस लौटने के लिए वाहन में बैठ रहे थे। इसी दौरान एक कार क्रमांक सीजी 15 ईएल 2201 वहां पहुंची। कार सवार युवकों ने पहले अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए रास्ते से हटने को कहा,जब पीड़ित पक्ष वहां से निकलने लगा तो आरोपियों ने अपनी कार आगे लगाकर उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने सभी युवकों के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी कार से उतर आए और हाथ में पहने कड़े से टाटा नेक्सॉन का आगे का शीशा तोड़ दिया।

## अदाणी दिवस पर पीईकेबी एवं पीसीबी खदान क्षेत्रों में किया गया रक्तदान एवं पौधरोपण



**अम्बिकापुर।** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी के जन्मदिवस के अवसर पर अदाणी दिवस के तहत पीईकेबी एवं पीसीबी खदान क्षेत्रों में रक्तदान शिविर और पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खनन परियोजना के कर्मचारियों, स्थानीय समुदाय एवं सहयोगी संस्थाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान शिविर में खनन परियोजना के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 472 यूनिट रक्तदान किया। यह रक्त क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपयोगी रहेगा। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए पीईकेबी परियोजना क्षेत्र में 11.293 हेक्टेयर क्षेत्र में कुल 28,231 पौधों का रोपण किया गया। कुल 300 लोगों ने पौधारोपण में भाग लिया। स्थानीय जलवायु के अनुरूप पौधों का चयन कर हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में कार्य किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रतिनिधि ने कहा कि अदाणी दिवस पर आयोजित रक्तदान एवं पौधरोपण अभियान समाज और पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता और पौधरोपण के जरिए हरित भविष्य की दिशा में यह हमारा सामूहिक प्रयास है।

## विधवा ने पैतृक भूमि में हिस्सेदारी के लिए लगाई न्याय की गुहार, सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** पति के निधन के बाद चार बच्चों का पालन-पोषण कर रही ग्राम सेमरा कला की एक विधवा महिला ने पैतृक संपत्ति में अपने वैधानिक अधिकार दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगाई है।

ज्ञापन में ग्राम सेमरा कला निवासी बाबी मानीकपुरी ने बताया है कि पति स्व. अकालू मानिकपुरी का वर्ष 2015 में निधन हो गया था। पति की मृत्यु के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसी पर आ गई। वर्तमान में वह मजदूरी कर चार बच्चों का पालन-पोषण कर रही है। महिला का कहना है कि यदि उसे पति के हिस्से की पैतृक भूमि मिल जाती है तो वह खेती कर अपने परिवार का बेहतर ढंग से भरण-पोषण कर सकेगी। महिला ने आरोप लगाया है कि पैतृक भूमि के बंटवारे के दौरान उसे और उसके बच्चों को वैधानिक हिस्सेदारी नहीं मिली। उसका कहना है कि संबंधित भूमि पर उसके भसुर परसोत्तम ने उसकी जानकारी और सहमति के बिना कब्जा कर लिया तथा उसे उसके अधिकार से वंचित कर दिया। पीड़िता का कहना है कि उसने पहले गांव में आपसी सहमति से विवाद सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद उसने राजस्व विभाग एवं तहसील स्तर पर भी आवेदन दिए, किंतु अब तक कोई अंतिम निराकरण नहीं हो पाया।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में किया गया सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मुख्यालय परिसर में सोमवार को सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष राम किशुन सिंह ने सहकारी ध्वज का ध्वजारोहण कर किया। भारत सरकार के निर्देशानुसार 29 जून से 6 जुलाई तक आयोजित होने वाले सहकारिता सप्ताह के दौरान जिलेभर में किसानों को आधुनिक तकनीक एवं सहकारिता से जोड़ने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकान्त चन्द्राकर ने उपविधि का वाचन किया। सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत जिले की प्रत्येक पैक्स में ध्वजारोहण एवं उपविधि का वाचन किया गया। सप्ताहभर वृक्षारोपण, सहकारिता विकास विषयक गोष्ठियां, व्याख्यानमाला, सहकार संकल्प दौड़, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण तथा सहकारिता जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन, माइक्रो एटीएम के उपयोग की जानकारी, नए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) एवं रूपे कार्ड का वितरण भी किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य किसानों को तकनीक, डिजिटल बैंकिंग और सहकारिता की योजनाओं से जोड़कर उन्हें अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर उप पंजीयक एवं उप आयुक्त एसके पैकरा, विपणन अधिकारी बीकेपी सिंह, लेखापाल आनंद सिंह, फील्ड अधिकारी राजेश सिंह, सरगुजा नोडल कमलनयन पाण्डेय, पीसी गुप्ता निर्मला तिवारी, तारामाणि यादव, देवेन्द्र सिंह, जयसन थामस, राजेश सिंह, सरिता वर्मा, ममता एक्का मंजू गुप्ता, आकाश नायक, मनीष सिंह, विजेन्द्र कुमार मैत्री, चुणामणि संदीप सोनी, मनोज गुप्ता, पुनित उपस्थित थे।

## नपं शिवनंदनपुर को महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए 1.60 करोड़ की मिली सौगात

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर को प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों की दिशा में बड़ी सौगात देते हुए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ ने सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण के लिए 95 लाख रुपये तथा कचरा निष्पादन के लिए एसएलआरएम (सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट) सेंटर निर्माण हेतु 65 लाख 7 हजार रुपये की प्रावधिक स्वीकृति जारी की है। मुक्तिधाम निर्माण की राशि राज्य परिवर्तित मुक्तिधाम योजना के अंतर्गत तथा एसएलआरएम सेंटर की राशि स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वीकृत की गई है। इस संबंध में इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर स्थित राज्य शहरी विकास अभिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया है। प्रदेश के 22 नगरीय निकायों में मुक्तिधाम निर्माण के लिए कुल 9 करोड़ 18 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें शिवनंदनपुर भी शामिल है।

### मूलभूत सुविधाओं के लिए वर्षों से जूझ रहे शिवनन्दनपुरवासी

वर्तमान में शिवनंदनपुर के मुक्तिधाम में पर्याप्त सुविधाओं का अभाव है। गंदगी और अव्यवस्था के बीच लोगों को अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करना पड़ता है। आवश्यक बुनियादी सुविधाएं नहीं होने से अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नई स्वीकृति के बाद यहां आधुनिक एवं व्यवस्थित मुक्तिधाम बनने की उम्मीद है। वहीं, नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए एसएलआरएम सेंटर की स्थापना से कचरा संग्रहण, पृथक्करण और निष्पादन की व्यवस्था बेहतर होगी, जिससे नगर की स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आने की संभावना है।



## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style

# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई



अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉर्ड्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

हॉलीवुड मसाला



## एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



## यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह

**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

टीवी मसाला





## अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

### माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं।



इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में $977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

## उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

### बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

*ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :* जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।



### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

## खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग

मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।



### किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

# 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

*__नई दिल्ली।__ किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।

## खबर संक्षेप

### बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवकों के साथ मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** बर्थडे पार्टी से लौट रहे युवाओं के साथ कथित तौर पर कुछ कार सवार युवकों ने रास्ता रोककर मारपीट कर दी है,घटना में एक युवक के सिर में चोट आई है एवं कार के आगे का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत जयनगर थाने में दर्ज करा दी है। जयनगर पुलिस ने बताया कि इबादत कुजूर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 29 जून की शाम वह अपने दोस्तों कुनाल सिंह, दानिश अंसारी, सूर्यवीर सिंह, संतोषी प्रजापति और साक्षी बेक के साथ दोस्त कुनाल सिंह का जन्मदिन मनाने के लिए ग्राम मोरभंज स्थित ट्री हाउस कैफे गया था। शाम करीब 7.30 बजे जन्मदिन समारोह समाप्त होने के बाद सभी लोग टाटा नेक्सॉन कार क्रमांक सीजी 30 जी 8696 से वापस लौटने के लिए वाहन में बैठ रहे थे। इसी दौरान एक कार क्रमांक सीजी 15 ईएल 2201 वहां पहुंची। कार सवार युवकों ने पहले अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए रास्ते से हटने को कहा,जब पीड़ित पक्ष वहां से निकलने लगा तो आरोपियों ने अपनी कार आगे लगाकर उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने सभी युवकों के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी कार से उतर आए और हाथ में पहने कड़े से टाटा नेक्सॉन का आगे का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद दानिश अंसारी को कार से खींचकर मारपीट की। घटना के दौरान सूर्यवीर सिंह, संतोषी प्रजापति और साक्षी बेक ने बीच-बचाव कर किसी तरह विवाद को शांत कराया।

### नपं शिवनंदनपुर को परियोजनाओं के लिए 1.60 करोड़ की सौगात

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर को प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों की दिशा में बड़ी सौगात देते हुए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ ने सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम निर्माण के लिए 95 लाख रुपये तथा कचरा निष्पादन के लिए एसएलआरएम (सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट) सेंटर निर्माण हेतु 65 लाख 7 हजार रुपये की प्रावधिक स्वीकृति जारी की है। मुक्तिधाम निर्माण की राशि राज्य परिवर्तित मुक्तिधाम योजना के अंतर्गत तथा एसएलआरएम सेंटर की राशि स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वीकृत की गई है। इस संबंध में इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर स्थित राज्य शहरी विकास अभिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया है। प्रदेश के 22 नगरीय निकायों में मुक्तिधाम निर्माण के लिए कुल 9 करोड़ 18 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें शिवनंदनपुर भी शामिल है। आवश्यक बुनियादी सुविधाएं नहीं होने से अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नई स्वीकृति के बाद यहां आधुनिक एवं व्यवस्थित मुक्तिधाम बनने की उम्मीद है। वहीं, नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए एसएलआरएम सेंटर की स्थापना से कचरा संग्रहण, पृथक्करण और निष्पादन की व्यवस्था बेहतर होगी, जिससे नगर की स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आने की संभावना है।

**न्यायालय तहसीलदार सोनहत**
**जिला-कोरिया (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2022-23
ग्राम- कटगोड़ी
// ईश्तहार //

आवेदक/ आवेदिका धनेश्वर सिंह आ. दलगंजन जाति- गोड़ निवासी ग्राम कटगोड़ी के द्वारा ग्राम कटगोड़ी में अपने भाई सुमेर जिसका मृत्यु /जन्म दिनांक 19/10/2006 में हुआ है, जिसका मृत्यु पंजीयन शासकीय/ अर्द्धशासकीय ग्राम पंचायत में नहीं कराये जाने के कारण आवेदन पत्र मय पंचनामा अनुलब्धता प्रमाण-पत्र एवं वैध दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त जन्म/मृत्यु के पंजीयन प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 08/07/26 तक स्वयं अथवा अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि में आपत्ति प्रस्तुत न करने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

अतः आज दिनांक 01/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
सोनहत, जिला-कोरिया (छ.ग.)

# संस्कारों की नींव रखने वाले पुरोधाओं को किए नमन



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

किसी भी शिक्षण संस्था की पहचान केवल उसके भवन, कक्षाओं या परिणामों से नहीं होती, बल्कि उन व्यक्तित्वों के विचारों, त्याग और दूरदर्शिता से होती है जिन्होंने उसकी नींव रखी होती है। इसी भावना के साथ मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में विद्यालय के दिवंगत संस्थापक सदस्यों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उनके छायाचित्रों का विधिवत अनावरण किया गया। यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि का कार्यक्रम नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को संस्था की गौरवशाली विरासत और संस्कारों से जोड़ने का एक प्रेरक प्रयास भी रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मांच सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिवंगत संस्थापक सदस्यों के छायाचित्रों का अनावरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। उपस्थितजन ने दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा का केन्द्र नहीं, बल्कि राष्टभक्ति, सेवा, अनुशासन और संस्कारों की पाठशाला है। इस संस्था की मजबूत नींव उन समाजसेवी व्यक्तित्वों ने रखी थी जिन्होंने व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के बच्चों को भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का संकल्प लिया था। आज विद्यालय जिस ऊंचाई पर पहुंचा है, उसमें संस्थापक सदस्यों के त्याग, समर्पण और दूरदर्शी सोच का महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्रा ने कहा कि किसी भी संस्था की वास्तविक पूंजी उसके आदर्श होते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना समाज में संस्कारयुक्त शिक्षा का वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से की गई थी।

संस्थापक सदस्यों ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने संकल्प को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में अनुशासन, सेवा, राष्टभक्ति और नैतिक मूल्यों को अपनाकर संस्थापकों के सपनों को साकार करें। विशिष्ट अतिथि आरडी दीवान ने कहा कि जिन लोगों ने अपने जीवन का अमूल्य समय समाज और शिक्षा के लिए समर्पित किया, उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यालय के संस्थापक सदस्यों के जीवन, संघर्ष और सामाजिक योगदान पर आधारित एक स्मारिका प्रकाशित की जाए, ताकि विद्यार्थी उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर अपने जीवन का मार्ग प्रशस्त कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक सदस्य दादा टेकचंद जैन, कस्तूरचंद जैन, हिम्मतलाल चावड़ा, भोला प्रसाद अग्रवाल, नारायण प्रसाद अग्रवाल तथा केशव प्रसाद ताम्रकार सहित अन्य दिवंगत संस्थापकों के छायाचित्रों का अनावरण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तथा उपस्थित सभी लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और शिक्षा के माध्यम से समाज निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र जैन ने की। इस दौरान पदमचंद्र अग्रवाल, पवन फरमानिया, नीरज अग्रवाल, विजयेन्द्र जैन, सिद्धेश चावड़ा, विनोद शुक्ला, रघुराई प्रसाद साहू, रमेश पांडे, दिवाकर प्रसाद मिश्रा, दुर्गा माली, मोनिका श्रीवास्तव सहित विद्यालय परिवार के सदस्य, अभिभावक एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में धूमधाम से मना डॉक्टर्स एवं सीए डे




हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में डॉक्टर्स डे और सीएडे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पअर्पित कर किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के भूतपूर्व छात्र डॉक्टर भूवेश सिंह राणा एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए उमंग अग्रवाल उपस्थित रहे। विद्यालय की गौरवशाली परंपरा का निर्वाह करते हुए संस्था के शिक्षक राकेश मिश्रा, राम मनोहर साह एवं अरूणिमा सिंह ने अतिथियों का तिलक लगाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर भूवेश सिंह राणा ने भावुक होते हुए कहा कि मैं इसी विद्यालय का छात्र रहा हूं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं, वहां तक पहुंचने में मेरे शिक्षकों के मार्गदर्शन, सहयोग और मेरी कड़ी मेहनत का सबसे बड़ा योगदान है। वहीं सीए उमंग अग्रवाल ने छात्र जीवन में शिक्षा और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का पाबंद रहने और पूरी लगन के साथ अपने लक्ष्यों को हासिल करने की प्रेरणा दी। समारोह में मनेन्द्रगढ़ थाने से सब-इंस्पेक्टर एसआई मनीष साहू, कमलेश मरकाम, पीएसआई सोनी वर्मा और हेड कांस्टेबल राजकुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। एसआई मनीष साहू ने बच्चों को दैनिक जीवन के सामान्य नियमों के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों का पालन करने की समझाइश दी और नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संकल्प दिलाया। सुरक्षा बल के कमलेश मरकाम ने डिजिटल साइबर अपराधों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# संकुल समन्वयक संघ ने सेवानिवृत्त डीईओ को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय के अर्द्धवार्षिकी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के अवसर पर संकुल समन्वयक संघ कोरिया द्वारा सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने उनको शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता का वक्तव्य संकुल समन्वयक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृत्त डीईओ विनोद राय का कार्यकाल शिक्षा विभाग के लिए अनुकरणीय रहा है। उन्होंने सदैव शिक्षा की गुणवत्ता, प्रशासनिक पारदर्शिता और कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता दी। उनका सरल एवं सहयोगात्मक व्यवहार सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। संकुल समन्वयक संघ उनके उज्जवल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की मंगलकामना करता है। नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि उन्होंने अपने लंबे सेवाकाल में निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ शिक्षा विभाग को नई दिशा देने का कार्य किया है। सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय का वक्तव्य सम्मान से अभिभूत विनोद कुमार राय ने संकुल समन्वयक संघ के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवाकाल के दौरान मुझे अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और संकुल समन्वयकों का भरपूर सहयोग एवं स्नेह मिला। यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत भावुक और अविस्मरणीय है।

# पीएम आवास सर्वे में पात्र हितग्राही शामिल नहीं

हरिभूमि न्यूज. बरबसपुर



पीएम आवास सर्वे सत्यापन में 168 परिवारों के नाम सत्यापन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा घोर अनियमितता एवं लापरवाही पूर्वक सर्वे में पात्र परिवारों को वंचित किए जाने की शिकायत एवं पुनः अनुपूरक सूची में पात्र परिवारों को योजना में शामिल किए जाने की मांग को लेकर जनपद सदस्य श्रीमती रीना अग्रवाल, सरपंच सोनमती सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, नागरिक कलेक्ट्रेट पहुंच कलेक्टर से मिलकर 168 वंचित परिवारों का पुनः भौतिक सत्यापन कराएं जाने की मांग एवं पात्र हितग्राहियों के नाम 2.0 पीएम आवास योजना में शामिल कर जोड़े जाने की मांग वाला ज्ञापन सौंपा, जिसको गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर द्वारा जांच कराए जाने उपरांत संबंधित कर्मचारियों-अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रदीप शर्मा, पूर्व सरपंच सुरेन्द्र अग्रवाल, पूर्व उप सरपंच डीएन प्रजापति, उप सरपंच शुभांशु शर्मा, पूर्व उप सरपंच मनोज साहनी, एसएमडीसी अध्यक्ष रामकृपाल पाटकर, प्रदीप पाटकर, सरेन्द्र सिंह श्याम, एस घोष, बहादुर, राजेन्द्र साहू, कमलेश साहू, रंजना झा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में किया गया सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मुख्यालय परिसर में सोमवार को सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष राम किशुन सिंह ने सहकारी ध्वज का ध्वजारोहण कर किया। भारत सरकार के निर्देशानुसार 29 जून से 6 जुलाई तक आयोजित होने वाले सहकारिता सप्ताह के दौरान जिलेभर में किसानों को आधुनिक तकनीक एवं सहकारिता से जोड़ने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकान्त चन्द्राकर ने उपविधि का वाचन किया। सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत जिले की प्रत्येक पैक्स में ध्वजारोहण एवं उपविधि का वाचन किया गया। सप्ताहभर वृक्षारोपण, सहकारिता विकास विषयक गोष्ठियां, व्याख्यानमाला, सहकार संकल्प दौड़, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण तथा सहकारिता जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए ड्रोन के माध्यम से तरल उर्वरक के छिड़काव का प्रदर्शन, माइक्रो एटीएम के उपयोग की जानकारी, नए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) एवं रूपे कार्ड का वितरण भी किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य किसानों को तकनीक, डिजिटल बैंकिंग और सहकारिता की योजनाओं से जोड़कर उन्हें अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर उप पंजीयक एवं उप आयुक्त एसके पैकरा, विपणन अधिकारी बीकेपी सिंह, लेखापाल आनंद सिंह, फील्ड अधिकारी राजेश सिंह, सरगुजा नोडल कमलनयन पाण्डेय, पीसी गुप्ता निर्मला तिवारी, तारामाणि यादव, देवेन्द्र सिंह, जयसन थामस, राजेश सिंह, सरिता वर्मा, ममता एक्का मंजू गुप्ता, आकाश नायक, मनीष सिंह, विजेन्द्र कुमार मैत्री, चुणामणि संदीप सोनी, मनोज गुप्ता, पुनित उपस्थित थे।

# सोनगरा समिति में ध्वजारोहण एवं जागरूकता कार्यक्रम
## किसानों को दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी




**सोनगरा।** सहकारी सप्ताह अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सोनगरा में ध्वजारोहण, बायलॉज वाचन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाना, किसानों को शासन की विभिन्न सहकारी योजनाओं से जोड़ना तथा समिति के सदस्यों को उनके अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत समिति परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात समिति के बायलॉज का वाचन कर उपस्थित सदस्यों को सहकारी संस्था के नियमों, उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों एवं समिति सदस्यों को नवीन सहायता योजनाओं, ऋण सुविधाओं, कृषि निवेश व्यवस्था तथा सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शरद चंद्र द्विवेदी ने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। किसानों को बीज, खाद, ऋण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि सामूहिक विकास और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाना है।

प्रदेश एवं केंद्र सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं, जिसका लाभ सहकारी समितियों के माध्यम से सीधे किसानों तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों ने सहकारी गतिविधियों के विस्तार तथा किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष भोला सिंह, अनुराग द्विवेदी, जगदीश राम, तनवीर आलम खान, धनसाय, लालसाय, गिरधारी राजवाड़े, सिद्धार्थ मिश्रा, तिलेश्वर आयम, उदय सिंह, धनेश्वर पैकरा, अनुकसाय सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं किसान उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### दो घंटे की झमाझम बारिश से ...

बाद दूसरे दिन खेती किसानी कार्य की शुरूआत हो गई। जमीन गीली हो जाने से किसान बुधवार से अपने खेतों में हल लेकर उतर गए और खेतों की जुताई में जुट गए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के द्वारा हल बैल के माध्यम से खेतों की जुताई करते दिखे और कई किसानों ने ट्रैक्टरों के माध्यम से जुताई कार्य करते रहे। इसी तरह की बारिश एक दो दिन की अंतराल में और होती है तो खेती किसानी कार्य जोर पकड़ लेगा और पिछड़ती खेती को संभाला जा सकेगा। प्रतिवर्ष सबसे अधिक बारिश जुलाई के माह मे ही होती है, ऐसे में चालू माह में होने वाली बारिश ही खेती की दशा तय करेगा।

### आखिर कब पटरी पर आएगी ...

सकता है। सड़क को दुकान का विस्तार बनाना, मनमाने ढंग से वाहन खड़े करना और यातायात नियमों की अनदेखी करना भी समस्या को बढ़ाता है, लेकिन इन सब पर नियंत्रण करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भगत सिंह तिराहा, फव्वारा चौक, जैन मंदिर चौक और साई मंदिर चौक जैसे व्यस्त स्थानों पर नियमित यातायात पुलिस की तैनाती, नो-पार्किंग नियमों का सख्ती से पालन, सड़क पर लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित स्थान पर स्थानांतरित करने तथा अतिक्रमण के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता है। जिला बनने के बाद शहर की पहचान एक सुव्यवस्थित और सुरक्षित नगर के रूप में बननी चाहिए थी, लेकिन वर्तमान हालात कई सवाल खड़े कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं, या फिर समय रहते शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाए जाएंगे, अब शहरवासियों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।





